मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 03.12.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता मिशन बदायूँ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के समय जिला पेयजल स्वच्छता मिशन द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर लिया गया है, जो पत्रावली की दाहिनी ओर रक्षित है। कृपया अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान करने का कष्ट करें।

03/12/25

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बदायूँ।

8.12.25
मुख्य विकास अधिकारी

OK
08.12.25
DM

**जिलाधिकारी, बदायूँ/ अध्यक्षता जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, बदायूँ की अध्यक्षता में दिनाँक 03.12.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, बदायूँ'' की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

**उपस्थिति–**

1. श्री केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।
2. श्री अखिलेश कुमार चौबे, जिला विकास अधिकारी, बदायूँ।
3. श्री याबर अब्बास, जिला पंचायत राज अधिकारी, बदायूँ।
4. श्री मनोज रावत, जिला कृषि अधिकारी, बदायूँ।
5. श्री सूर्य प्रकाश, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, बदायूँ।
6. डा0 पवन जायसी, प्रतिनिधि, मुख्य चिकित्साधिकारी, बदायूँ।
7. श्री आशीष कुमार गुप्ता, सहायक अभियन्ता, ग्राउण्ड वॉटर, बदायूँ।
8. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूँ।
9. श्री संजीव कुमार, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बदायूँ।
10. श्री विकास कुमार, प्रतिनिधि प्रभागीय वन अधिकारी, बदायूँ।
11. श्री नरेन्द वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।

गत बैठक की समीक्षा के उपरान्त बैठक में निम्नानुसार बिन्दुओं पर चर्चा की गयीः–

1. **''जल जीवन मिशन'' कार्यकम के अन्तर्गत विद्युत कनेक्शन एवं विद्युत लाइन शिफ्टिंग के सम्बन्ध में:–**

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण, मण्डल बदायूँ एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 24 ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाईन शिफ्ट की धनराशि फरवरी 2025 में विभागीय खाते में भेज दी गई है। जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 19 पेयजल योजना पर विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य दिनांक–15.12.2025 तक पूर्ण कर लिए जाएगा। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 28 विद्युत कनैक्शन योजनाओं में से 21 योजनाओं पर विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य दिनांक–31.12.2025 तक पूर्ण कर लिए जाएगा।

2. **''जल जीवन मिशन'' कार्यकम के अन्तर्गत भूमि विवाद की स्थिति :–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बदायूँ में 41 नग पेयजल योजनाओं पर ग्रामीणों द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है, तहसील प्रशासन द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों द्वारा उत्पन्न किए जा रहे विवादों का निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड–अम्बियापुर की ग्राम पंचायत–खुलैत में पेयजल योजना के कैम्पस के अन्दर स्थित पंचायत घर जर–जर स्थिति में जिसको तोड़ने हेतु जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायत आरिफपुर भक्तानगला, विकासखंड–दहगवां में योजना हेतु सम्पर्क मार्ग नहीं है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) से समन्वय बनाकर समस्या का निराकरण कराने का कष्ट करें।

3. **''जल जीवन मिशन'' कार्यकम के अन्तर्गत अनुरक्षाधीन योजनाओं की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ को निदेशित किया गया कि वर्तमान तक जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अनुरक्षणाधीन की सूची जिला पंचायती राज अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

4. **जल जीवन मिशन के कार्यकम के अन्तर्गत योजनाओं की पूर्णता की तिथि बढ़ाये जाने के संबंध में।**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ ने बताया कि परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ ने अपने पत्र दिनांक 01.12.2025 के द्वारा वित्तीय अभाव के कारण निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की पूर्णता की तिथि 31.03.2027 तक संशोधित कराने का अनुरोध

किया है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ द्वारा अवगत कराया कि जनपद में कुल 869 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनके तकनीकी परीक्षणोपरान्त इन सभी की पूर्णता की तिथि 31.03.2027 तक संशोधित कराना उचित होगा। इसके अतिरिक्त जनपद–बदायूँ में पूर्व निर्मित 18 पेयजल योजनाओं की वित्तीय पूर्णता की तिथि समाप्त हो चुकी है, जिसे 31.03.2026 तक संशोधित किया जाना भी उचित होगा। साथ ही 07 पेयजल योजनाओं की स्कीम आई0डी0 त्रुटिपूर्ण ढंग से डबल प्रदर्शित हो गयी है, जिसके कारण पोर्टल पर उन्हें जनपद–बदायूँ के सापेक्ष डिलीट किया जाना है। इस संबंध में, समिति ने बैठक में विस्तृत चर्चा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर निम्न निर्णय लिए:–

1. जनपद में कुल 869 निर्माणाधीन परियोजनाओं की पूर्णता की तिथि 31.03.2027 तक संशोधित कराया जाए।
2. जनपद–बदायूँ में पूर्व निर्मित जिन 18 पेयजल योजनाओं की वित्तीय पूर्णता की तिथि समाप्त हो चुकी है, उनकी संशोधित तिथि 31.03.2026 करायी जाए।
3. 07 पेयजल योजनाओं की स्कीम आई0डी0 त्रुटिपूर्ण ढंग से डबल प्रदर्शित हो गयी है, जिन्हें जनपद–बदायूँ के सापेक्ष डिलीट कराया जाए।

अन्त में जिलाधिकारी, बदायूँ/ अध्यक्षता जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, बदायूँ द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गयी।

( केशव कुमार )
मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।

पत्रांक– 4220 / M-32 /96 दिनांक 03-12-2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, बदायूँ।
3. समस्त संबंधित अधिकारियों को अनुपालनार्थ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ को इस निर्देश के साथ कि उक्त का प्रभावी अनुश्रवण करें तथा प्रगति से अवगत कराएं।
6. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।

8.12.25

मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।